भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
निवेश और लोक परिसंपत्ति प्रबंधन विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 179**

जिसका उत्तर सोमवार 18 नवम्बर, 2019
27 कार्तिक, 1941 (शक) को दिया जाना है

**पीएसयू का विनिवेश**

179. श्री एस.सी. उदासीः
श्री के. मुरलीधरनः
श्री राजेश नारणभाई चुड़ासमाः
श्री मलूक नागरः

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वित्त वर्ष के दौरान विनिवेश अभियान के माध्यम से धनराशि जुटाने के लिए सरकार/निवेश और सार्वजनिक संपत्ति प्रबंधन विभाग द्वारा निर्धारित लक्ष्य का ब्यौरा क्या है और विनिवेश प्रक्रिया को बढ़ावा देने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं;

(ख) क्या सरकार ने विनिवेश हेतु बीपीसीएल और अन्य सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों/राज्य के स्वामित्व वाली कंपनियों के संबंध में कोई निर्णय लिया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;

(ग) पीएसयू के विनिवेश के कारण प्राप्त हुए लाभों का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है और उन पीएसयू का ब्यौरा क्या है जहां या तो पूर्णरूप से या आंशिक रूप से विनिवेश हुआ है और बेची गई हिस्सेदारी का प्रतिशत कितना हे:

(घ) क्या बेचे गये पीएसयू लाभ कमाने वाले थे या नुकसान में चल रहे थे और यदि हां, तो सत्संबंधी ब्यौरा क्या है और पीएसयू दर्जे वाले कितने पीएसयू को निजी क्षेत्र में परिवर्तित किया गया था और लाभ कमाने वाले पीएसयू को बेचने का क्या कारण है:

(ड़) विनिवेश का निर्णय लेने से पहले उपक्रमों के पुनरूद्धार हेतु उनकी पुनर्संचना और पुनर्वित्तपोषण करने के लिए सरकार द्वारा क्या प्रयास किए गए हैं; और

(च) बीएसएनएल, एमटीएनएल इत्यादि जैसे घाटे में चल रहे दूरसंचार सरकारी उपक्रमों द्वारा उठाए गए नुकसान से उभरने के लिए सरकार द्वारा बनाए गए प्रावधानों का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री अनुराग सिंह ठाकुर)

(क) वर्ष 2019-20 के दौरान विनिवेश के लिए बजट लक्ष्य 1,05,000 करोड़ रूपये तय किया गया है। विनिवेश लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए सरकार विनिवेश की विभिन्न पद्धतियों का उपयोग करती है जिनमें आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ), बिक्री की पेशकश (ओएफएस), शेयरों की वापस खरीद, रणनीतिक विनिवेश और एक्सचेंज ट्रेडेड फण्ड (ईटीएफ)। विनिवेश सौदों का निष्पादन और निष्कर्ष प्रचलित बाजार परिस्थितियों और निवेशक अभिरूचि पर निर्भर करता है।

(ख) जिन सीपीएसईस को सीसीईए द्वारा रणनीतिक विनिवेश के लिए 'सैद्धांतिक' तौर पर अनुमोदित किया गया है, उनकी सूची **अनुबंध-I** में दी गई है (बीपीसीएल के रणनीतिक विनिवेश के बारे में सीसीईए द्वारा अभी कोई निर्णय नहीं लिया गया है)।

-2/-

(ग) वर्ष 2014-15 से 2018-19 के दौरान सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों के विनिवेश से प्राप्त धनराशि का ब्यौरा **अनुबंध-II** में दिया गया है।

(घ) सरकार रणनीतिक विनिवेश की उस नीति का अनुसरण कर रही है जो इस आर्थिक सिद्धांत द्वारा मार्गदर्शित है कि सरकार को उन क्षेत्रों में व्यवसाय जारी नहीं रखना चाहिए जिनमें प्रतिस्पर्धात्मक बाजार बहुत पहले से आए हुए हैं और ऐसी कंपनियों की आर्थिक संभावना विभिन्न घटकों जैसे कि पूंजी लगाने, प्रौद्योगिकी उन्नयन तथा दक्ष प्रबंधन परिपाटियों आदि के कारण रणनीतिक निवेशक के हाथों में संभवतः बेहतर होगी। सीपीएसईस की लाभप्रदता इस प्रयोजन हेतु सीपीएसईस के इस चयन के लिए मापदंड नहीं है। इसके अलावा, कुछ अन्य सीपीएसईस में, जिनमें लाभ अर्जित करने वाले सीपीएसईस भी शामिल हैं, प्रबंधन नियंत्रण के हस्तांतरण के बिना सेबी अनुमोदित विभिन्न पद्धतियों के माध्यम से अल्पांश हिस्सेदारी की बिक्री की नीति भी अपनाई जा रही है।

(ड.) केन्द्रीय सरकारी क्षेत्र के उद्यम (सीपीएसईस) अपने संबंधित मंत्रालयों/विभागों के प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन काम करते हैं। प्रशासनिक मंत्रालयों/विभागों द्वारा अपने प्रशासनिक नियंत्रणाधीन सीपीएसईस के संबंध में मामला-दर-मामला आधार पर पुनरुद्धार/पुनर्संरचना के उपाय किए जाते हैं। इस संबंध में लोक उद्यम विभाग (डीपीई) ने दिनांक 29.10.2015 को सीपीएसईस के पुनरुद्धार/पुनर्संरचना से संबंधित दिशानिर्देश जारी किए हैं। इन दिशानिर्देशों का कार्यान्वयन सीपीएसईस के संबंधित प्रशासनिक मंत्रालयों/विभागों द्वारा किया जाता है।

(च) बीएसएनएल और एमटीएनएल वर्ष 2009-10 से घाटे में चल रही हैं। उनके वित्तीय कार्यनिष्पादन के आधार पर दूरसंचार विभाग द्वारा बीएसएनएल और एमटीएनएल को वर्ष 2017 में "जन्मजात रूग्ण सीपीएसईस" के रूप में वर्गीकृत किया गया था। "रूग्ण/जन्मजात रूग्ण सीपीएसईस और केन्द्रीय सरकारी क्षेत्र के कमजोर उद्यमों के पुनरुद्धार और पुनर्संरचना हेतु तंत्र को सुचारू बनाने" के लिए, लोक उद्यम विभाग द्वारा दिनांक 29.10.2015 को जारी किए गए दिशानिर्देशों के अनुसार दूरसंचार विभाग ने बीएसएनएल/एमटीएनएल की पुनर्संरचना/पुनरुद्धार योजना तैयार करने के लिए प्रक्रिया आरंभ की थी। बीएसएनएल और एमटीएनएल के लिए पुनरुद्धार/पुनर्संरचना योजना तैयार करने के लिए क्रमशः आईआईएम अहमदाबाद और मै. डिलॉयट को नियुक्त किया गया था। उनकी रिपोर्टों के आधार पर दूरसंचार विभाग ने बीएसएनएल/एमटीएनएल के परामर्श से एक व्यापक पुनरुद्धार योजना तैयार की थी। पुनरुद्धार योजना मंत्रिमंडल के विचारार्थ प्रस्तुत की गई थी जिसको उसने अपनी दिनांक 23.10.2019 को आयोजित बैठक में अनुमोदित किया था। पुनरुद्धार योजना में अनेक उपाय शामिल हैं जिनमें स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना के माध्यम से कर्मचारी लागत में कमी, 4जी सेवाओं के लिए स्पैक्ट्रम का आबंटन, भूमि तथा भवन, टावर और बीएसएनएल/एमटीएनएल की फाइबर परिसंपत्तियों का मुद्रीकरण, शासकीय गारंटी बॉण्ड के माध्यम से ऋण पुनर्संरचना और बीएसएनएल तथा एमटीएनएल के विलय का 'सैद्धांतिक' अनुमोदन शामिल है। बीएसएनएल, एमटीएनएल और सरकार ने इन उपायों के कार्यान्वयन के लिए प्रक्रिया आरंभ कर दी है।

******

**सामरिक विनिवेश के लिए अनुमोदित सीपीएसईस का ब्यौरा**

1. स्कूटर्स इंडिया लि.
2. ब्रिज एण्ड रूफ कंपनी (इंडिया) लि.
3. प्रोजेक्टस एंड डेवलपमेंट इंडिया लि.
4. पवन हंस लि.
5. भारत पंप्स एंड कम्प्रेशर्स लि.
6. सेंट्रल इलेक्ट्रॉनिक्स लि.
7. हिन्दुस्तान प्रीफेब लि.
8. भारत अर्थ मूवर्स लि.
9. हिन्दुस्तान न्यूजप्रिंट लि. (सहायक कंपनी)
10. फेरो स्क्रेप निगम लि. (सहायक कंपनी)
11. हिन्दुस्तान फ्लोरोकार्बन लि. (सहायक कंपनी)
12. सीमेंट कारपोरेशन ऑफ इंडिया लि.
13. एनएमडीसी लि. का नगरनार इस्पात संयंत्र
14. सेल की भद्रावती, सेलम और दुर्गापुर इकाईयां.
15. एचएससीसी (इंडिया) लि. **(पूरा किया गया)**
16. नेशनल प्रोजेक्ट्स कंस्ट्रक्शन कारपोरेशन लि. (एनपीसीसी) **(पूरा किया गया)**
17. इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट (इंडिया) लि.
18. एयर इंडिया
19. ड्रेजिंग कारपोरेशन ऑफ इंडिया लि. **(पूरा किया गया)**
20. एचएलएल लाइफकेयर लि.
21. इंडियन मेडिसिन एण्ड फार्मास्यूटिकल कारपोरेशन लि.
22. कर्नाटक एंटीबायोटिक्स एण्ड फार्मास्यूटिकल लि.
23. हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कारपोरेशन लि. **(पूरा किया गया)**
24. आईटीडीसी की इकाईयां/संयुक्त उद्यम
25. ग्रामीण विद्युतीकरण कारपोरेशन (आरईसी) **(पूरा किया गया)**
26. कामराजार पोर्ट लि.
27. बंगाल केमिकल्स एण्ड फार्मास्यूटिकल्स लि.
28. हिन्दुस्तान एंटीबायोटिक्स लि.

## चालू वित्त वर्ष सहित पिछले 05 वर्षों के दौरान विनिवेश से प्राप्त धनराशि

| क्र. सं. | सीपीएसईस | विनिवेश की पद्धति | भारत सरकार के विनिवेशित शेयरों का % | प्राप्त धनराशि (करोड़ रुपये में) |
|---|---|---|---|---|
| | **वित्त वर्ष 2014-15** | | | |
| 1. | भारतीय इस्पात प्राधिकरण लि. (सेल) | ओएफएस | 5 | 1,719.54 |
| 2. | कोल इंडिया लि. (सीआईएल) | ओएफएस | 10 | 22,557.63 |
| 3. | नेशनल फर्टिलाइजर्स लि. (एनएफएल) | कर्मचारी ओएफएस | 0.29 | 3.60 |
| 4. | राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम लि. (एनटीपीसी) | कर्मचारी ओएफएस | 0.04 | 48.16 |
| 5. | भारतीय धातु एवं खनिज व्यापार निगम लि. (एमएमटीसी) | कर्मचारी ओएफएस | 0.073 | 4.16 |
| 6. | हिन्दुस्तान कॉपर लि. (एचसीएल) | कर्मचारी ओएफएस | 0.05164 | 3.17 |
| 7. | नेशनल एल्यूमिनियम कंपनी लि. (नालको) | कर्मचारी ओएफएस | 0.13 | 12.45 |
| 8. | राष्ट्रीय खनिज विकास निगम लि. (एनएमडीसी) | कर्मचारी ओएफएस | 0.0000088 | 0.0040 |
| | **कुल** | | | **24,348.71** |
| | **वित्त वर्ष 2015-16** | | | |
| 1. | ग्रामीण विद्युतीकरण निगम लि. (आरईसी) | ओएफएस | 5 | 1,608.00 |
| 2. | विद्युत वित्त निगम लि. (पीएफसी) | ओएफएस | 5 | 1,671.00 |
| 3. | ड्रेजिंग कार्पो. ऑफ इंडिया लि. (डीसीआईएल) | ओएफएस | 5 | 53.33 |
| 4. | भारतीय तेल निगम लि. (आईओसीएल) | ओएफएस | 10 | 9,369.00 |
| 5. | इंजीनियर्स इंडिया लि. (ईआईएल) | ओएफएस | 10 | 642.50 |
| 6. | राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम लि. (एनटीपीसी) | ओएफएस | 5 | 5014.55 |
| 7. | कंटेनर कार्पो. ऑफ इंडिया लि. (कोन्कोर) | ओएफएस | 5 | 1155.20 |
| 8. | भारत डॉयनामिक्स लि. (बीडीएल) | वापस खरीद | लागू नहीं | 198.85 |
| 9. | हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लि. (एचएएल) | वापस खरीद | लागू नहीं | 4284.37 |
| | **कुल** | | | **23,996.8*** |
| *** एनटीपीसी के बोनस डिबेंचरों की ईपीएफओ को बिक्री के कारण 8,152 करोड़ रुपये की अतिरिक्त धनराशि जुटाई गई है।** | | | | |
| | **वित्त वर्ष 2016-17** | | | |
| | **सीपीएसईस का विनिवेश** | | | |
| 1. | नेशनल हाइड्रोइलेक्ट्रिक पावर कार्पो. लि. (एनएचपीसी) | ओएफएस | 11.36 | 2716.55 |
| 2. | इंडियन ऑयल कार्पो. लि. (आईओसी) | कर्मचारी ओएफएस | 0.5 | 262.49 |
| 3. | राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम लि. (एनटीपीसी) | कर्मचारी ओएफएस | 0.22 | 203.78 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 4. | नेशनल एल्यूमिनियम कंपनी लि. (नालको) | वापस खरीद | लागू नहीं | 2831.71 |
| 5. | हिन्दुस्तान कॉपर लि. (एचसीएल) | ओएफएस | 7 | 399.93 |
| 6. | राष्ट्रीय खनिज विकास निगम लि. (एनएमडीसी) | वापस खरीद | लागू नहीं | 7519.15 |
| 7. | मैंगनीज ओर (इण्डिया) लि. (मॉयल) | वापस खरीद | लागू नहीं | 793.87 |
| 8. | राष्ट्रीय भवन निर्माण निगम लि. (एनबीसीसी) | ओएफएस | 15 | 2201.14 |
| 9. | भारत इलेक्ट्रोनिक्स लि. (बीईएल) | वापस खरीद | लागू नहीं | 1802.60 |
| 10. | इंजीनियर्स इंडिया लि. (ईआईएल) | कर्मचारी ओएफएस | 0.5 | 31.38 |
| 11. | कोल इंडिया लि. (सीआईएल) | वापस खरीद | लागू नहीं | 2638.24 |
| 12. | नेशनल हाइड्रोइलेक्ट्रिक पावर कार्पो. लि. (एनएचपीसी) | कर्मचारी ओएफएस | 0.09 | 21.27 |
| 13. | ड्रेजिंग कार्पो. ऑफ इंडिया लि. (डीसीआईएल) | कर्मचारी ओएफएस | 0.09 | 0.93 |
| 14. | कंटेनर कार्पो. ऑफ इंडिया लि. (कोन्कोर) | कर्मचारी ओएफएस | 0.25 | 9.34 |
| 15. | सीपीएसई-एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (सीपीएसई - ईटीएफ) | एफएफओ-1 | बीईएल- 0.85<br>सीआईएल- 0.65<br>कोन्कोर- 1.40<br>ईआईएल- 1.34<br>गेल- 1.21<br>आईओसीएल- 0.69<br>ओआईएल- 0.75<br>ओएनजीसी- 0.60<br>पीएफसी- 1.04<br>आरईसी- 1.27 | 5999.99 |
| 16. | मैंगनीज ओर इण्डिया लि. (मॉयल) | ओएफएस | 10 | 484.95 |
| 17. | भारत इलेक्ट्रोनिक्स लि. (बीईएल) | ओएफएस | 5 | 1672.66 |
| 18. | नेशनल हाइड्रोइलेक्ट्रिक पावर कार्पो. लि. (एनएचपीसी) | वापस खरीद | लागू नहीं | 1948.52 |
| 19. | नेवेली लिग्नाइट कार्पो. लि. (एनएलसी) | वापस खरीद | लागू नहीं | 1429.38 |
| 20. | सीपीएसई-एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (सीपीएसई - ईटीएफ) | एफएफओ-2 | बीईएल - 0.38,<br>सीआईएल - 0.26,<br>कोन्कोर - 0.55,<br>ईआईएल - 0.51,<br>गेल - 0.46,<br>आईओसीएल - 0.26,<br>ओआईएल - 0.29,<br>ओएनजीसी - 0.27,<br>पीएफसी - 0.40,<br>आरईसी -0.50 | 2499.99 |
| **कुल** | | | | **35,467.87** |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | | **अन्य विनिवेश** |
| 21. | एसयूयूटीआई की धारिता का विनिवेश और एसयूयूटीआई धारिता से राजस्व | | | **10,778.71** |
| **सकल योग** | | | | **46,246.58** |
| | | **वित्त वर्ष 2017-18** | | |
| | **सीपीएसईस का विनिवेश** | | | |
| 1. | हिन्दुस्तान कॉपर लि. (एचसीएल) | कर्मचारी ओएफएस | 0.07 | 3.73 |
| 2. | नेशनल एल्यूमिनियम कंपनी लि. (नालको) | ओएफएस | 9.2125 | 1,191.73 |
| 3. | आवास एवं शहरी विकास निगम लि. (हुडको) | आईपीओ | 10.193 | 1,207.35 |
| 4. | ऑयल इंडिया लि. (ओआईएल) | वापस खरीद | 5.6 (वापस खरीद पूर्व प्रदत्त इक्विटी) | 1,135.26 |
| 5. | राष्ट्रीय केमिकल्स एंड फर्टीलाइजर्स लि. (आरसीएफएल)) | ओएफएस | 5 | 205.15 |
| 6. | नेशनल फर्टिलाइजर्स लि. (एनएफएल) | ओएफएस | 15 | 530.72 |
| 7. | हिन्दुस्तान कॉपर लि. (एचसीएल) | ओएफएस | 6.83 | 404.71 |
| 8. | कोचीन शिपयार्ड लि. (सीएसएल) | आईपीओ (पिग्गी बैक) | 25 | 470.01 |
| 9. | इंजीनियर्स इंडिया लि. (ईआईएल) | वापस खरीद | 6.64 (वापस खरीद के पश्चात इक्विटी) | 657.81 |
| 10. | राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम लि. (एनटीपीसी) | ओएफएस | 6.63 | 9,117.92 |
| 11. | भारत इलेक्ट्रोनिक्स लि. (बीईएल) | कर्मचारी ओएफएस | 0.25 | 79.51 |
| 12. | राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम लि. (एनटीपीसी) | कर्मचारी ओएफएस | 0.12 | 151.14 |
| 13. | भारत डॉयनामिक्स लि. (बीडीएल) | वापस खरीद | 25 | 450.53 |
| 14. | नेवेली लिग्नाइट कार्पो. लि. (एनएलसी) | ओएफएस | 5 | 722.29 |
| 15. | हिन्दुस्तान कॉपर लि. (एचसीएल) | कर्मचारी ओएफएस | 0.0064 | 0.36 |
| 16. | नेशनल एल्यूमिनियम कार्पो. लि. (नालको) | कर्मचारी ओएफएस | 0.4 | 50.51 |
| 17. | भारत 22 ईटीएफ | एनएफओ | * | 14,500 |
| 18. | मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लि. (एमडीएल) | वापस खरीद | 10 | 253.48 |
| 19. | सिक्योरिटी प्रिंटिंग एंड मिंटिंग कार्पो. इंडिया लि. (एसपीएमसीआईएल) | वापस खरीद | 10 | 455.00 |
| 20. | इरकान इंटरनेशनल लि. (इरकान) | वापस खरीद | 5 | 190.59 |
| 21. | हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लि. (एचएएल) | वापस खरीद | 7.5 | 921.50 |
| 22. | गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एण्ड इंजीनियर्स लि. (जीआरएसई) | वापस खरीद | 7.5 | 77.62 |
| 23. | हॉस्पिटल सर्विसेस कंसल्टेंसी कार्पो. लि. (एचएससीसी लि.) | वापस खरीद | 25 | 49.55 |
| 24. | नेशनल बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन कार्पो. लि. (एनबीसीसी लि.) | कर्मचारी ओएफएस | 0.21 | 29.96 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 25. | राष्ट्रीय खनिज विकास निगम लि. (एनएमडीसी लि.) | ओएफएस | 2.52 | 1,223.13 |
| 26. | सतलुज जल विद्युत निगम लि. (एसजेवीएन लि.) | वापस खरीद | 5 | 558.68 |
| 27. | अंतरिक्ष कार्पो. लि. | वापस खरीद | 15 | 238.92 |
| 28. | भारत इलेक्ट्रोनिक्स लि. (बीईएल) | वापस खरीद | 5 | 217.76 |
| 29. | मैंगनीज ओर (इण्डिया) लि. (मॉयल) | वापस खरीद | 7.5 | 130.85 |
| 30. | भारत डॉयनामिक्स लि. (बीडीएल) | आईपीओ | 12 | 950.35 |
| 31. | हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लि. (एचएएल) | आईपीओ | 10 | 4,054.66 |
| **कुल** | | | | **40,230.78** |
| | **अन्य (बीमा कंपनियों का सूचीकरण)** | | | |
| 32. | जनरल इंश्योरेंस कार्पो. ऑफ इंडिया (जीआईसी) | आईपीओ (पिग्गी बैक) | 12.50 | 9,704.16 |
| 33. | द न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी लि. (एनआईए) | आईपीओ (पिग्गी बैक) | 11.65 | 7,653.32 |
| **कुल** | | | | **17,357.48** |
| | **रणनीतिक विनिवेश** | | | |
| 34. | एसयूयूटीआई की धारिता का रणनीतिक विनिवेश* | रणनीतिक विनिवेश | - | 4,153.65 |
| 35. | एचपीसीएल - ओएनजीसी डील | बाजार से इतर | 51.11 | 36,915.00 |
| 36. | एसयूयूटीआई निवेश के प्रबंधन से आय | - | - | 1,400.00 |
| **कुल** | | | | **42,468.65** |
| **सकल योग** | | | | **1,00,056.91** |

* (1) एक्सिस बैंक लिमिटेड 1.49%, (2) बैंक ऑफ़ बड़ौदा 0.89%, (3) बीईएल 2.01%, (4) ) बीपीसील 1.03%, (5) ) सीआईएल 0.51%, (6) ) ईआईएल 3.55% (7) ) गेल इंडिया लिमिटेड 1.39%, (8) आईटीसी लिमिटेड 1.05%, (9) इंडियन बैंक 0.38%, (10) ओआईएल 0.60%, (11) एलएंडटी लिमिटेड 2.45%, (12) एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड। 0.82%, (13) एनएचपीसी लिमिटेड 0.90%, (14) एनएलसी इंडिया लिमिटेड 0.43%, (15) एनटीपीसी लिमिटेड 1.19%, (16) एनएएलसीओ लिमिटेड 7.87%, (17) ओएनजीसी 0.59%, (18) पीएफसी 0.71%, (19) पीजीसीआईएल 1.63%, (20) आरईसी 0.91%, (21) एसजेवीएन लिमिटेड 0.40%, (22) स्टेट बैंक ऑफ इंडिया 0.77%।

**वित्त वर्ष 2018-19**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | **सीपीएसईस का विनिवेश** | | | |
| 1. | मिश्र धातु निगम लि. (मिधानी) | आईपीओ | 25 | 434.14 |
| 2. | भारत 22 ईटीएफ | ईटीएफ | * | 8,325.26 |
| 3. | रेल इंडिया टेक्निकल एंड इकॉनिमिक सर्विस (राइट्स) | आईपीओ | 12.60 | 460.51 |
| 4. | इंडियन रेलवे कंसट्रक्शन कंपनी (इरकॉन) इंटरनेशनल लि. | आईपीओ | 10 | 466.00 |
| 5. | गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लि. (जीआरएसई) | आईपीओ | 25.5 | 342.90 |
| 6. | कोल इंडिया लि. (सीआईएल) | ओएफएस | 3.19 | 5,218.30 |
| 7. | कुद्रेमुख आयरन ओर कंपनी लि. (केआईओसीएल) लि. | वापस खरीद | 1.983 | 205.34 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 8. | सीपीएसई - ईटीएफ | एफएफओ 3 | ** | 17,000 |
| 9. | नेशनल एल्यूमिनियम कार्पो. लि. (नालको) | वापस खरीद | 1.80 | 260.41 |
| 10. | नेवेली लिग्नाइट कार्पो. लि. इण्डिया लि. (एनएलसी) | वापस खरीद | 0.48 | 989.86 |
| 11. | कोल इंडिया लि. (सीआईएल) | कर्मचारी ओएफएस | 0.01 | 17.33 |
| 12. | कोचीन शिपयार्ड लि (सीएसएल) | वापस खरीद | 3.233 | 137.29 |
| 13. | भारत हैवी इलैक्ट्रिकल्स लि. (बीएचईएल) | वापस खरीद | 3.15 | 992.41 |
| 14. | नेशनल हाइड्रोइलैक्ट्रिक पावर कार्पो. लि. (एनएचपीसी) | वापस खरीद | ^ | 397.90 |
| 15. | भारत 22 ईटीएफ | एफएफओ 2 | *** | 10,404.59 |
| 16. | इंडियन ऑयल कार्पो. लि. (आईओसीएल) | वापस खरीद | 3.3875 | 2,647 |
| 17. | ऑयल एंड नेचुरल गैस कार्पो. लि. (ओएनजीसी) | वापस खरीद | 0.43 | 2,510.51 |
| 18. | सीपीएसई-ईटीएफ | एफएफओ 4 | **** | 9,350.07 |
| 19. | कोल इंडिया लि. (सीआईएल) | वापस खरीद | 0.19 | 1,039.71 |
| 20. | नेशनल मिनरल डेवलपमेंट कार्पो. लि. (एनएमडीसी) | वापस खरीद | 2.56 | 768.77 |
| 21. | ऑयल इंडिया लि. (ओआईएल) | वापस खरीद | 0.15 | 720.80 |
| 22. | मेटल स्क्रेप ट्रेड कार्पो. लि. (एमएसटीसी लि.) | आईपीओ | 25.10 | 210.60 |
| **कुल** | | | | **62,899.70** |
| | **रणनीतिक विनिवेश** | | | |
| 23. | एचएससीसी (इंडिया) लि. | रणनीतिक विनिवेश | 100 | 285.00 |
| 24. | ड्रेजिंग कार्पो. ऑफ इंडिया लि. (डीसीआईएल) | रणनीतिक विनिवेश | 73.44 | 1,049.17 |
| 25. | पीईसी-आरईसी डील | रणनीतिक विनिवेश | 52.63 | 14,499.99 |
| 26. | नेशनल प्रोजेक्ट कंस्ट्रक्शन कार्पो. लि. (एनपीसीसी) | रणनीतिक विनिवेश | 98.89 | 79.80 |
| **कुल** | | | | **15,913.96** |
| | **अन्य विनिवेश** | | | |
| 27. | ऐक्सिस बैंक शेयरों की एसयूयूटीआई बिक्री | - | - | 5,378.66 |
| 28. | सीईपीआई की अभिरक्षा के अधीन शेयरों की बिक्री | - | - | 779.02 |
| **कुल** | | | | **6,157.68** |
| **सकल योग** | | | | **84,971.34** |

| |
|---|
| * (1) एलएंडटी 0.74%, (2) आईटीसी 0.42%, (3) एक्सिस बैंक लिमिटेड 0.57%, (4) एसबीआई 0.33%, (5) बैंक ऑफ बड़ौदा 0.29%, (6) इंडियन बैंक 14%, 7) पीएफसीएल 0.27%, (8) आरईसीएल 0.33%, (9) एनएचपीसी 0.29%, (10) एसजेवीएनएल 0.14%, (11) एनटीपीसी 0.50% (12) पीजीसीआईएल 0.57%, (13) ओएनजीसी 0.24%, ( 14) आईओसीएल 0.23%, (15) बीपीसीएल 0.38%, (16) गेल 0.52%, (17) ईआईएल 0.00%, (18) बीईएल 0.69%, (19) एनबीसीसी 0.54%, (20) सीबीएस 0.23%, (21) ) एनएलसी 0.10%, (22) नालको 3.62% |
| ** (1) ओएनजीसी 1.83%, (2) एनटीपीसी लिमिटेड 2.84%, (3) आईओसीएल 2.69%, (4) सीआईएल 2.21%, (5) बीईएल 4.16%, (6) आरईसी लिमिटेड 5.14%, (7 ) पीएफसी लिमिटेड 4.16% (8) ओआईएल 2.94%, (9) एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड 3.18%, (10) एनएलसी (इंडिया) लिमिटेड 1.47%, (11) एसजेवीएन लिमिटेड 1.10%। |
| ^ वापस खरीद के बाद भारत सरकार की इक्विटी शेयर पूंजी 73.67% से बढ़कर 73.83% हो गई। |
| *** (1) एक्सिस बैंक लिमिटेड 0.96%, (2) बैंक ऑफ बड़ौदा 0.49%, (3) बीईएल 1.17%, (4) बीपीसीएल 0.64%, (5) सीआईएल 0.38%, (6) ईआईएल 0.02% (7) गेल इंडिया लिमिटेड 0.88%, (8)इंडियन बैंक 0.24%, (9) आईओसीएल 0.38 % (10) आईटीसी लिमिटेड 0.67%, (11) लार्सन एंड टुब्रो लिमिटेड 1.26%, (12) नाल्को 4.77 %, (13) एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड 0.92%, (14) एनएचपीसी लिमिटेड 0.49%, (15) एनएलसी इंडिया लिमिटेड 0.18%, (16) एनटीपीसी लिमिटेड 0.86%, (17) ओएनजीसी 0.40%, ( 18) पीएफसी 0.46%, (19) पीजीसीआईएल 0.97%, (20) आरईसी 0.22%, (21) एसजेवीएन लिमिटेड 0.24%, (22) स्टेट बैंक ऑफ इंडिया 0.57%। |
| **** (1) ओएनजीसी 1.03%, (2) एनटीपीसी लिमिटेड 1.67%, (3) आईओसीएल 1.27%, (4) सीआईएल इंडिया 1.36%, (5) बीईएल 1.92%, (6) आरईसी लिमिटेड- लागू नहीं, ( 7) पीएफसी 1.98%, (8) ओआईएल 1.37%, (9) एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड 1.47%, (10) एनएलसी इंडिया लिमिटेड 0.71%, (11) एसजेवीएन लिमिटेड 0.51%। |

| वित्त वर्ष 2019-20 | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | **सीपीएसईस का विनिवेश** | | | |
| 1. | रेल विकास निगम लि. (आरवीएनएल) | आईपीओ | 12.12 | 475.89 |
| 2. | सीपीएसई-ईटीएफ | एफएफओ-V | * | 10,000.39 |
| 3. | इंडियन रेलवे केटरिंग एंड टूरिज्म कार्पो. (आईआरसीटीसी) | आईपीओ | - | 637.97 |
| 4. | भारत 22 ईटीएफ | एफएफओ 2 | - | 4,368.80 |
| | **कुल** | | | **15,483.05** |
| | **अन्य विनिवेश** | | | |
| 5. | शत्रु शेयरों की बिक्री | - | - | 1,881.21 |
| | **सकल योग** | | | **17,364.26** |

* (I) 1.27% ओएनजीसी, (ii) 1.90% एनटीपीसी लिमिटेड, (iii) 0.68% आईओसीएल, (iv) 1.70% सीआईएल, (v) 2.89% बीईएल, (vi) 2.89% पीएफसी (vii) 2.04% ओआईएल, (viii) 2.26%, एनबीसीसी (ix) 1.06% एनएलसी, (x ) 0.78% एसजेवीएन लिमिटेड